# टीईटी की अनिवार्यता हटाने की मांग

▶ शिक्षकों ने एनसीएसटी अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य को सौंपा ज्ञापन



**सेंधवा, ( नवभारत )।** सेंधवा में अनुसूचित क्षेत्रों के शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता में छूट की मांग को लेकर एनसीएसटी अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य को ज्ञापन सौंपा है। शिक्षकों ने विषम परिस्थितियों और शिक्षक कमी का हवाला देते हुए सेवा सुरक्षा और नियमों में शिथिलता की मांग रखी। मध्य प्रदेश के अनुसूचित (ट्राइबल) क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता में छूट की मांग की है।

शुक्रवार को सेंधवा ब्लॉक के अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा संघ के बैनर तले शिक्षक राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य के निवास पर पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि वे लंबे समय से विषम भौगोलिक परिस्थितियों, संसाधनों की कमी और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। ऐसे में टीईटी को सख्ती से लागू करने से हजारों शिक्षकों की सेवा समाप्ति का संकट उत्पन्न हो सकता है।

### संवैधानिक प्रावधानों का उल्लेख

ज्ञापन में बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21ए के तहत बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। यदि वर्तमान शिक्षकों को सेवा से हटाया जाता है, तो स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी हो जाएगी। शिक्षकों ने अनुच्छेद 275(1) और पांचवीं अनुसूची का हवाला देते हुए विशेष प्रावधानों के तहत नियमों में शिथिलता की मांग की।

### शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण

शिक्षकों ने बताया कि ट्राइबल क्षेत्रों में पहले से ही शिक्षकों की कमी है और बाहरी शिक्षक लंबे समय तक यहां कार्य नहीं कर पाते। स्थानीय शिक्षक ही शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्हें हटाने से कई स्कूलों में पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो सकती है और परिवारों की आजीविका पर असर पड़ेगा।

### छूट और समय सीमा की मांग

शिक्षकों ने शासन से मांग की है कि ट्राइबल क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों को टीईटी से पूर्ण छूट दी जाए या शिथिलता प्रदान की जाए। साथ ही सेवा में रहते हुए टीईटी पास करने के लिए 3 से 5 वर्ष का समय दिया जाए और तब तक किसी भी शिक्षक को सेवा से न हटाया जाए। ज्ञापन सौंपते समय अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश मालवीया, दिनेश सैनी, नवीन नामदेव, ओंकार सागरे, बृजमोहन गर्ग, अमजद खान, रमेश मेहता, मनीष तिवारी, संतोष यादव और बबली जोशी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# पोषण पखवाड़ा अंतर्गत हुई गतिविधियां



**पानसेमल, ( नवभारत )।** ब्लॉक में कलेक्टर जयतिसिंह के मार्गदर्शन मे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सुपरवाइजर चंद्रकांता जैन के निर्देशन में महिलाओं में कुपोषण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, पोषण स्तर में सुधार लाना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। महिलाओं को संतुलित आहार, एनीमिया नियंत्रण, स्वच्छता, स्तनपान को बढ़ावा, पूरक आहार तथा कुपोषित बच्चों की पहचान एवं प्रबंधन जैसी प्रमुख गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही समुदाय स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आंगनवाड़ी केन्द्रों में हो रहे हैं।

### शिक्षा के साथ दी अन्य आवश्यक जानकारी

वार्ड 8 में आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकता आशा लोहार एवं सहायिका भाग्यश्री मोरे ने बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा के साथ ही अन्य आवश्यक जानकारी भी दी।

## एसपी ने किया निरीक्षण



**बड़वानी।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा 17 अप्रैल को ठीकरी थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी बीट प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र की संपूर्ण एवं अद्यतन जानकारी रखने तथा बीट संबंधी सूचनाओं को डिजिटल बीट प्रणाली में नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। एसपी द्वारा थाने में आए आवेदकों से चर्चा कर समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देश दिए।

## एक नजर में

### 24 को आयोजित होगा नि :शुल्क जांच शिविर



**बड़वानी।** श्रीराम यादव ने बताया कि सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे और सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में चौइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर के सहयोग से 24 अप्रैल को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित होगा। जिसमें इंदौर के प्रसिद्ध नेत्ररोग विशेषज्ञ सेवाएं देंगे। शिविर में चयनित मरीजों का नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण चोईथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर में किया जाएगा। शिविर में चयनित नेत्र मरीजों को बस से इंदौर भेजा जाएगा। केम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम एवं अनिल राठौड़ ने बताया कि मरीज के साथ एक परिजन होने पर ही ऑपरेशन किए जाएंगे। मरीज पुरानी शुगर और ब्लड प्रेशर की दवाई ले रहे हो तो लेकर आए। महिला मरीज विशेष रूप से सिर के बाल धोकर आए। शिविर सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक ही रहेगा। नेत्र अस्पताल द्वारा लैंस, चश्में, दवाइयां नि:शुल्क दिए जाएंगे। राम जाट, महेश जोशी, सुनील शर्मा, सचिन शर्मा, सुधीर पाण्डेय, जया शर्मा ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठाए। लायंस क्लब बड़वानी नि:शुल्क भोजन कराएगा।

# आरसीसी मार्ग निर्माण पर रोक की मांग





**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर के वार्ड में मार्ग निर्माण कार्य को रोकने के लिए वार्डवासियों ने आवदेन सौंपा है। वार्ड 9 निवासी देवीदास जाधव ने बताया कि भोई प्लॉट में मेन रोड़ से लेकर पानसेमल और निवाली रोड़ तक नगर परिषद द्वारा आरसीसी रोड़ का निर्माण किया जाने वाला है। उक्त स्थान पर पूर्व में जो आरसीसी रोड़ बनाया गया है। वह अच्छी अवस्था में है, अच्छी रोड़ पर फिर से नवीन आरसीसी रोड़ बनाया जाना केवल नगर परिषद को आर्थिक नुकसान होना बताया।

### वार्डवासियों ने कहा कार्य होना चाहिए

उन्होंने कहा कि इसके बजाय नगर के अन्य क्षेत्रों में जहां रोड़ खराब एवं क्षतिग्रस्त हो गई। वहां निर्माण किया जाना चाहिए। वहीं वार्ड 8 वार्डवासियों ने बताया कि उनके वार्ड सीसी रोड़ का निर्माण कार्य होना चाहिए। इस विषय को लेकर वे सीएमओ संतराम चौहान से भी मिलने पहुंचे थे। नगर परिषद सीएमओ ने कहा कि वार्ड में जाकर उन्होंने वार्डवासियों से चर्चा की है।

### निर्देशन में कराया जाएगा कार्य

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आगे निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिन वार्डों में निर्माण कार्य होने है। वहां के प्रस्ताव बनाकर स्वीकृत कर निर्माण कार्य किए जाएंगे।

# पानसेमल विधानसभा को मिली बड़ी सौगात

▶ 26 करोड़ से अधिक राशि की मिली प्रशासनिक स्वीकृति



**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधानसभा में लगातार विकास कार्यों गति मिल रही है। विधायक के प्रयासों से कार्य योजना बनाकर उन्हें जमीनी स्तर पर उतारा जा रहा है। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार निवाली तहसील के ग्राम पंचायत काजलमाता में 26 करोड़ 45 लाख की लागत से काजलमाता सिंचाई परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। यह क्षेत्र के किसानों के लिए महत्वपूर्ण एवं लाभकारी साबित होगा।

### कृषि उत्पादन में होगी वृद्धि

प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत लगभग 1350 हेक्टेयर (3336 एकड़) कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे हजारों किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। सिंचाई के विस्तार से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी तथा किसानों की आय में भी सुधार होगा। राज्य सरकार द्वारा किसानों के विकास को प्राथमिकता देते हुए जनहित एवं किसान हित में ठोस निर्णय ले रही है।

### विकास कार्य रहेंगे निरंतर जारी

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के प्रति विधायक श्याम बर्डे का क्षेत्र की जनता एवं किसानों ने आभार व्यक्त किया। वहीं विधायक ने कहा पानसेमल विधानसभा क्षेत्र में हर खेत तक पानी, हर किसान तक समृद्धि के संकल्प के साथ विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# राऊ हत्याकांड का खुलासा : पत्नी से अवैध संबंध बना हत्या की वजह

▶ उज्जैन का लिस्टेड बदमाश समेत 4 आरोपी गिरफ्तार सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से सुलझी मर्डर मिस्ट्री हथियार व बाइक जब्त, एक आरोपी फरार





नव भारत न्यूज

**इंदौर. राऊ थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है. पुलिस ने उज्जैन के एक लिस्टेड बदमाश समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जांच में सामने आया कि अवैध प्रेम संबंध और आपसी रंजिश के चलते युवक की गोली मारकर हत्या की गई थी.**

डीसीपी जोन 1 कृष्णा लालचंदानी ने बताया कि 12 अप्रैल की रात नखराली ढाणी, केट रोड के सामने एक युवक घायल हालत में मिला था. उसकी पहचान नवीन पाटीदार उम्र 31साल, निवासी रंगवासा के रूप में हुई. मौके से कारतूस मिलने और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद मामला हत्या का निकला. इसके बाद अपराध दर्ज कर इसी बिंदू पर जांच तेज की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई. टीम ने करीब 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बिना नंबर की मोटरसाइकिल की पहचान की. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्लेमर हिल्स कॉलोनी से तीन संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया. गिरफ्तार आरोपियों में उज्जैन का रहने वाला मुकेश कुमावत हैं. जबकि अजय धोलपुरिया और श्रीराम बलाई दोनों देवास के रहने वाले शामिल हैं.

### मुख्य आरोपी पर हत्या, हत्या के प्रयास जैसे संगीन मामले हैं दर्ज

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक की पत्नी से अवैध संबंध और पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया था. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बिना नंबर की पल्सर बाइक, देशी पिस्टल और कारतूस जब्त किए हैं. मामले में एक आरोपी राहुल उईके निवासी उज्जैन फरार है, जबकि मृतक की पत्नी भारती की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है. उसे भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. मुख्य आरोपी मुकेश कुमावत पर पहले से हत्या, हत्या के प्रयास और अवैध हथियार के कई मामले दर्ज हैं. अन्य आरोपियों का भी आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है. पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है.

# डॉक्टर, छात्रा और महिला ने की आत्महत्या

▶ दो ने फांसी लगाई तो एक में जहर खाकर दी जान

▶ कारणों की जांच में जुटी पुलिस



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में आत्महत्या के तीन अलग-अलग मामले सामने आए हैं. भंवरकुआं, राऊ और खुड़ैल थाना क्षेत्रों में हुई इन घटनाओं में एक डॉक्टर, एक छात्रा और एक महिला ने सुसाइट कर लिया. दो मामलों में फांसी और एक में जहर खाने की बात सामने आई है. पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहला मामला भंवरकुआं थाना क्षेत्र का हैं, यहां रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा ने अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी. मृतका की पहचान कशिश पंवार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से धार जिले के धरमपुरी क्षेत्र के ग्राम पगारा की रहने वाली थी और अभिनव नगर, पालदा में रहकर बीए की पढ़ाई कर रही थी. उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला था. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एमवाय अस्पताल भिजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम कराया. पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस ने मोबाइल जब्त कर कॉल डिटेल और अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है.

वहीं खुड़ैल थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय डॉक्टर दामिनी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. परिजन उन्हें गंभीर हालत में नेमावर रोड स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतका देवास जिले के कन्नौद की रहने वाली थीं और कलवर में सीएचओ पद पर पदस्थ थीं. परिजनों ने आरोप लगाया है कि पति संदीप के किसी अन्य महिला से संबंध थे, जिसे लेकर अक्सर विवाद होता था. विरोध करने पर मारपीट का भी आरोप लगाया है. तीनों मामलों में पुलिस ने मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के आधार पर जांच की जा रही है.

### विवाद के बाद लगाई थी फांसी

इसी तरह की एक घटना राउ थाना क्षेत्र की है. राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा इलाके में रहने वाली 30 वर्षीय ममताबाई पटेल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. परिजनों ने पुलिस को बताया कि बुधवार 1 अप्रैल को पारिवारिक विवाद के बाद उसने फांसी लगा ली थी. समय रहते उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया था. करीब 15 दिन से इलाज चल रहा था, लेकिन उसकी मौत हो गई. प्रारंभिक जांच में पायल को लेकर हुए विवाद की बात सामने आई है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

# वंदे मातरम की गरिमा का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

▶ इंदौर खंडपीठ ने संबंधितों को जारी किए नोटिस



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के दौरान गरिमापूर्ण आचरण सुनिश्चित करने को लेकर मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है.

गुरुवार को न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की खंडपीठ के समक्ष दायर जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई हुई. कोर्ट ने इंदौर नगर निगम की हालिया घटना को गंभीर मानते हुए पार्षद रूबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. याचिकाकर्ता अधिवक्ता योगेश हेमनानी ने दलील दी कि सरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में वंदे मातरम के दौरान आचरण को लेकर कोई स्पष्ट कानूनी व्यवस्था नहीं है. उन्होंने कोर्ट से मांग की कि राष्ट्रीय गीत के सम्मान और मर्यादा बनाए रखने के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश तय किए जाएं. याचिका में संविधान के अनुच्छेद 51ए (ए) का हवाला देते हुए कहा गया है कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र के प्रतीकों का सम्मान करे. ऐसे में सार्वजनिक पदों पर बैठे जनप्रतिनिधियों का आचरण भी गरिमापूर्ण होना चाहिए. मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने प्रमुख सचिव, गृह सचिव सहित संबंधित विभागों को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है.

# 12 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर को पकड़ा

▶ 121 ग्राम मादक पदार्थ बरामद, मंदसौर का रहने वाला है आरोपी



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में नशे के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक तस्कर को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से करीब 121 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 12.10 लाख रुपए बताई जा रही है.

डीसीपी क्राईम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक टिगरिया बादशाह रोड पर टीसीएस चौराहे के पास बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स की डिलीवरी देने आने वाला है. सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर मौके से शैलेंद्र चौहान निवासी नाहरगढ़, सीतामऊ (मंदसौर) को रंगे हाथ पकड़ लिया. तलाशी लेने पर आरोपी के पास से पारदर्शी पन्नी में रखी 121 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई. साथ ही एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है. जब्त माल की कीमत करीब 12.50 लाख रुपए आंकी गई है. पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह इंदौर में नशे के आदी लोगों को सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर बेचता था. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले भी मंदसौर जिले के नाहरगढ़ थाने में मारपीट का मामला दर्ज है. क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर उससे सप्लाई नेटवर्क व अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

# थानों की रैंकिंग : चंदन नगर नंबर वन, सराफा रहा फिसड्डी

▶ मार्च माह के प्रदर्शन का मूल्यांकन

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा थानों के मार्च माह के कार्यों की मूल्यांकन रिपोर्ट जारी कर दी है. बेहतर पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण को लेकर की गई इस रैंकिंग में थाना चंदन नगर ने पहला स्थान हासिल किया है, जबकि सराफा थाना सबसे अंतिम पायदान पर रहा.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शुरू की गई इस व्यवस्था के तहत शहर के सभी 32 थानों के कार्यों का हर महीने आकलन किया जा रहा है. इसमें अपराध नियंत्रण, जनसंतुष्टि और नवाचार जैसे मापदंडों को आधार बनाया है. मार्च माह की समीक्षा डीसीपी की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने की. इसके अनुसार जोन 4 का थाना चंदन नगर पहले स्थान पर रहा, जबकि भंवरकुआं दूसरे और द्वारिकापुरी तीसरे स्थान पर रहे.

वहीं इसी जोन का थाना सराफा औसत प्रदर्शन के चलते सबसे नीचे रहा. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि, बेहतर प्रदर्शन करने वाले थानों के स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि कमजोर प्रदर्शन वाले थानों को ट्रेनिंग देकर सुधार किया जाएगा. लापरवाही मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी.